तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 स्वतंत्रता दिवस पर आज अमृत सरोवरों में होंगे भव्य एवं ...



12 स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ में दिखा देशभक्ति ...



खबर संक्षेप

उप मुख्यमंत्री शर्मा लालबाग मैदान में करेंगे ध्वजारोहण

जगदलपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व 15 अगस्त को शहर के



लालबाग मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जो लालबाग मैदान में ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश वाचन किया जाएगा।

शुष्क दिवस पर शराब दुकानें बंद रहेंगी आज

जगदलपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने 15 अगस्त को बस्तर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दिन जिले की सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, होटल बार और मद्य भंडारण पूर्णतः बंद रहेंगे। यह प्रतिबंध 14 अगस्त की रात दुकान बंद होने के समय से लागू हो जाएगा। प्रशासन ने आबकारी अधिकारियों को नियमों का कड़ाई से पालन करने और अवैध शराब की बिक्री पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

प्रयास विद्यालय में प्रवेश दूसरी काउंसलिंग कल से

जगदलपुर। प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया तेज हो गई है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब द्वितीय चरण की काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। पात्र छात्र-छात्राओं की सूची विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित कर दी गई है। यह काउंसलिंग 16 अगस्त से 20 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे के बीच, मेरिट सूची में आवंटित संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य मूल अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

हिड़मे को किराना दुकान खोलने मिला 80 हजार का ऋण



दंतेवाड़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सक्षम ऋण योजना के अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सली हिड़मे कारम को स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से किराना स्टोर संचालन हेतु 80 हजार रुपये की ऋण राशि प्रदान की गई। योजना के माध्यम से आत्मसमर्पित व्यक्तियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किराना स्टोर के संचालन से हिड़मे कारम को स्थायी आजीविका प्राप्त करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। विभाग द्वारा सक्षम ऋण योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए आर्थिक एवं सामाजिक पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर होगी महाचौपाल आज

बीजापुर। कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीजापुर जिले में उल्लास महा-चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

बस्तर तिरंगा यात्रा : मुरकीनार में 11 अमर शहीदों की स्मृति में पौधारोपण

बीजापुर में शहीदों को किया नमन, शहीद परिवारों से मिले मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





आजादी पर्व से पहले बस्तर की धरती राष्ट्रभक्ति और तिरंगे के रंग में रंगी नजर आई। बस्तर तिरंगा यात्रा के तीसरे दिन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर में मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का त्याग और तिरंगे का सम्मान हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निरंतर स्मरण कराता है।

■ प्रधानमंत्री के राष्ट्र प्रथम के संकल्प को जन-जन तक पहुंचा रही तिरंगा यात्रा

मंत्री द्वय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरंगे को जनभागीदारी और राष्ट्र गौरव से जोड़कर देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और सशक्त किया है। 'हर घर तिरंगा' का आह्वान आज एक जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। इसी भावना को लेकर बस्तर तिरंगा यात्रा गांव-गांव तक पहुंच रही है और विशेष रूप से युवाओं को उन वीर जवानों के बलिदान से जोड़ रही है, जिनके साहस के कारण आज बस्तर शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन में बस्तर की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कभी नक्सल हिंसा और भय के कारण चर्चा में रहने वाला बस्तर आज तिरंगे के साथ शांति, विश्वास और विकास की नई पहचान गढ़ रहा है। बस्तर के अंतिम छोर तक राष्ट्रभावना और विकास का विश्वास पहुंचाना इस यात्रा का प्रमुख संदेश है। इस दौरान सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा समेत अन्य जनप्रतिनिधि ⏭शेष पेज 12 पर

करेंगुट्टा पहुंची यात्रा, डिप्टी सीएम ने फहराया तिरंगा

बस्तर तिरंगा यात्रा के तीसरे दिन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप एक बार फिर उसी जोश के साथ शुरुआत की। बीजापुर से निकल कर आवापल्ली, गलगम, उसूर, नम्बी, ताड़पाला होते हुए अपनी 600 किमी की यात्रा का समापन करेंगुट्टा की पहाड़ी पर झंडा फहराकर किया। मंत्री द्वय ने 3 दिनों में नारायणपुर, कोंडागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर इन 5 जिलों में लगभग 600 किमी की तिरंगा यात्रा बाइक से पूर्ण की।

यात्रा के अंतिम दिन करेगुट्टा की पहाड़ी पर जवानों से मिलकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने शहीदों की याद में पौधारोपण किया उसके बाद स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में ध्वजारोहण किया । आज वह सपना पूरा हुआ जो हमने देखा था। आज बस्तर की जनता जीत गई, यहां के लोग जीत गए, एर्राबोर की कट्टम ज्योति जीत गई शहीद जवानों का अदम्य पराक्रम जीत गया और नक्सली हार गए। बस्तर की धरती पर नक्सलवाद के सफाए का संकल्प साकार हो रहा है। यह उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने करेंगुट्टा पहाड़ी पर झंडा फहराकर



यह बातें जवानों से कही।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा की यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है नक्सलियों के सबसे सुरक्षित गढ़ रहे स्थान में आप के सानिध्य में झंडा फहरा रहा हूं। लोग कहते है मंत्री जी सैनिकों का मनोबल बढ़ाने कैम्प जाते हैं। वास्तविकता यह है कि आप से ⏭शेष पेज 12 पर

शहीद जवानों के स्मारकों पर किया पुष्प अर्पित

आज जिला मुख्यालय बीजापुर से करेगुट्टा पहाड़ तक तिरंगा यात्रा का भव्य बाइक रैली निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों, पुलिस जवानों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर देशभक्ति का अद्भुत परिचय दिया। रास्ते में जहां-जहां शहीद जवानों के स्मारक दिखे वहां रूककर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। वहीं उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया गया। इस यात्रा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा , प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, विधायक चैतराम अटामी, भाजपा संगठन प्रभारी दिपेश अरोरा , भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान देश की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्पूर्ण यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वन्दे मातरम'के गगनभेदी नारे गूंजते हर घर तिरंगा हर दिल तिरंगा का संदेश घर-घर तक पहुंचाया गया। देर शाम करेगुट्टा में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।

वर्दी की आड़ में दुष्कर्म व दूसरी शादी सब इंस्पेक्टर को 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर रहते हुए युवती को विवाह का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने और पहली पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने के मामले में अपर सेशन न्यायाधीश एफटीसी शैलेश अच्युत्य पटवर्धन ने अभियुक्त विकेश चौहान को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने धारा 376(2)(ढ) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार अर्थदंड तथा धारा 494 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना नहीं देने पर तीन माह और एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। निर्णय में न्यायाधीश ने कहा कि अभियुक्त पुलिसकर्मी जैसे लोक सेवक के पद पर पदस्थ रहते हुए प्रारंभ से विवाहित था, इसके बावजूद उसने स्वयं का विवाह विच्छेद होने का मिथ्या कथन कर पीड़िता को विवाह का वचन दिया। निर्णय में यह भी उल्लेख किया ⏭शेष पेज 12 पर

■ एफटीसी कोर्ट ने कहा- पुलिसकर्मी लोक सेवक होकर किया घृणित अपराध, 5 हजार जुर्माना भी

फेसबुक से शुरू हुई पहचान, तलाकशुदा बताकर जीता भरोसा

अभियोजन के अनुसार विकेश चौहान चित्रकूट चौकी में पदस्थ रहने के दौरान पीड़िता के संपर्क में आया था। दोनों की पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी। पीड़िता उसकी दूर की रिश्तेदार भी थी। बातचीत के दौरान विकेश ने स्वयं को तलाकशुदा बताया और विवाह का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास हासिल किया। नवंबर 2018 में वह पीड़िता के माता-पिता से मिला और विवाह का आश्वासन देकर उसे जगदलपुर ले आया। पीड़िता उसके साथ पुलिस क्वार्टर में रही। आरोप के अनुसार 6 जनवरी 2019 को विवाह का भरोसा देकर उसने पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद चित्रकूट के शिव मंदिर में ले जाकर विवाह किया और दोनों साथ रहने लगे।

पहली पत्नी के जीवित होने का पता चला तो खुला राज

बाद में पीड़िता को पता चला कि विकेश की पहली पत्नी निक्की चौरसिया जीवित है और दोनों का तलाक नहीं हुआ है। पूछने पर अभियुक्त कथित तौर पर गोलमोल जवाब देने लगा। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी और न्यू राजेंद्र नगर थाना, रायपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और सुनवाई के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। बताया गया कि घटना के समय अभियुक्त पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ था और मामले की कार्रवाई के दौरान अग्रिम जमानत पर था। लोक अभियोजक प्रीति वानखेड़े ने अभियोजन की ओर से पैरवी की।

सड़क की गुणवत्ता पर आवाज उठाने वाले कार्यकर्ताओं से की मारपीट



जगदलपुर। लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम तारागांव में सीसी सड़क निर्माण की गुणवत्ता एवं कथित अनियमितता को लेकर आवाज उठाने वाले बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, आज सुबह करीब 8 बजे सड़क निर्माण को देखने एवं सड़क गुणवत्तापूर्वक कैसे बनाई जाए, इस संबंध में चर्चा करने के लिए उन्हें फोन कर बुलाया गया। करीब 9.30 बजे मौके पर पहुंचने के बाद बालसिंग कश्यप एवं सीबो सेठिया द्वारा धक्का-मुक्की एवं थप्पड़ मारकर मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान जनता कांग्रेस के साथ जाकर हमारे खिलाफ शिकायत क्यों करते हो कहते हुए विवाद किया गया। कार्यकर्ताओं ⏭शेष पेज 12 पर

■ 48 घंटे में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्रता दौड़ में शहरवासियों ने दिखाया देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आजादी के पावन पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरुआत सुबह 8 बजे ऐतिहासिक मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से हुई। इससे पहले अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सिरहासार भवन के समीप स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। महापौर संजय ⏭शेष पेज 12 पर

■ महापौर, कमिश्नर सहित जनप्रतिनिधियों , अधिकारियों, खिलाड़ियों और विद्यार्थियों ने लगाई दौड़

21वीं सदी में छुआछूत की सोच शर्मनाक : मौर्य

जगदलपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी उत्तराखंड में आयोजित जनसभा के बाद एक विशेष संगठन द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कथित 'शुद्धिकरण' किए जाने के विरोध में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन व सत्याग्रह आंदोलन किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसे संविधान की मूल भावना, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में छुआछूत की सोच शर्मनाक है। एक दलित समाज से आने वाले शीर्ष नेता की जनसभा के बाद उस स्थान का 'शुद्धिकरण' कराया जाना देश के करोड़ों दलितों, वंचितों और शोषितों की अस्मिता पर सीधा हमला है। यह कृत्य भाजपा और उससे जुड़े संगठनों की सामंतवादी और दलित विरोधी मानसिकता का स्पष्ट प्रतिबिंब है। कांग्रेस मांग करती है कि दोषी संगठन और भाजपा सरकार



दलित समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। इस दौरान ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, कविता साहू, वीरेंद्र परिहार, अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी, विजय सिंह, प्रशांत जैन, नीतीश शर्मा, लता निषाद, बलराम यादव, सूर्यापानी, संतोष सेठिया, फूलसिंह बघेल, रविशंकर तिवारी, दयाराम कश्यप, राजेंद्र पटवा, शादाब अहमद, अफरोज बेगम, शुभम यदू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भय के वातावरण के बीच तिरंगा पहुंचना बना भावनात्मक क्षण : सोनी

जगदलपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सीताशरण सोनी ने बीजापुर जिले के दुर्गम एवं लंबे समय तक वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहे ग्रामीण क्षेत्रों में 'हर घर तिरंगा यात्रा' निकाली। तिरंगा हाथ में लेकर वे बिना किसी सुरक्षा दल के दुगलमगुड़ा, दम्मूर, तोरेमपारा, रेड्डीपल्ली, वरदली, नल्लमपल्ली, लिंगापुर, शिवपुर दुबा, रायगुड़ा, गंगाराम, वारेगुड़ा, पेठाबुगड़ा, हाई स्कूल सकनापल्ली, गोखुर, वाडला, पोलेम, विराडगट्टू और मट्टीमरका सहित अनेक अंदरूनी गांवों तक पहुंचे और ग्रामीणों एवं बच्चों से सीधा संवाद किया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, आजादी के बाद पहली



बार इन गांवों तक कोई व्यक्ति तिरंगा लेकर पहुंचा है। इंद्रावती नदी के आसपास का यह दुर्गम इलाका पूर्व में छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के बीच उग्रवादी गतिविधियों के आवागमन के लिए इस्तेमाल होता रहा है। ऐसे भय के वातावरण से ⏭शेष पेज 12 पर

बीजापुर के 49, सुकमा के 37 व नारायणपुर के 14 गांवों में पहुंची बिजली

बस्तर संभाग के 101 गांवों को मिली अंधेरे से आजादी स्वतंत्रता के बाद उजियारा पहुंचने में लग गए आठ दशक

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर





आजादी के 79 वर्ष बाद भी नक्सलवाद, भौगोलिक कठिनाइयों और घने जंगलों के कारण जो क्षेत्र अंधेरे में थे, वहां अब विकास की रोशनी पहुंच रही है। इसके तहत दशकों के अंधेरे के बाद दर्जनों गांवों और हजारों घरों तक पहली बार बिजली पहुंची है। शासन और स्थानीय प्रशासन के प्रयास से विद्युत कंपनी द्वारा नियद नेल्लानार (आपका अच्छा गांव) और विशेष विद्युतीकरण योजनाओं के तहत अंदरूनी इलाकों में बिजली के खंभे और पावर लाइनें बिछाई गई हैं। बिजली आने से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, मोबाइल कनेक्टिविटी और रोजमर्रा के जीवन में एक नया बदलाव आ रहा है। विद्युत कंपनी ⏭शेष पेज 12 पर

ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे

बस्तर संभाग के सुदूर और घोर नक्सल प्रभावित रहे गांव कोत्तागुड़ा, चिन्ना बोडकेल, पुलनपाड़, पूर्वर्ती, सुरपनगुड़ा, पटेलपारा, कहेरदुलेड़, मड़पेदुलेड, कड़तीपारा, पुसगुड़ा, भंडारचलका, दूरनदरभा, कामाराम, उसकेवाया, बालेंगतोंग, बेलपोच्छा बटेर, नुलकातोंग, जब्बागटटा, मुलेर, कटुलनार, तुमेरादी, ताड़ोबेड़ा, ताड़ोकुर, कच्चापाल, हतलानार, इरपानार, गारपा, तोके, होरादी, कदेर, नेलनार, ईदनार आदि लगभग 101 गांव के घर रोशन हुए हैं। इससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे।

जंगली जानवरों का डर हुआ कम

सुकमा जिले के टेकलगुडेम, साकलेर, तुमालपाड़ के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आने से ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों को रात में पढ़ाई करने में मदद मिल रही है। साथ ही अंधेरे और जंगली जानवरों का डर कम हुआ है।



आप सभी को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं!

15 अगस्त




आइए, स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के
मूल्यों को संजोते हुए एक सशक्त एवं
समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।

जय हिंद! वंदे मातरम्!

विनीत

विनायक गोयल

विधायक, चित्रकूट





सौजन्य: चित्रकूट विधानसभा के समस्त ग्रामवासी

जगदलपुर पुलिस

की ओर से आप सभी को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ!

यातायात जागरूकता

सड़क पर आपकी एक छोटी-सी सावधानी,
किसी परिवार की बड़ी खुशी बचा सकती है।

- हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।
- नशे में वाहन न चलाएँ।
- निर्धारित गति सीमा का पालन करें।
- यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

आइये, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम
सुरक्षित, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लें



इस स्वतंत्रता दिवस का संकल्प

नियमों का पालन करेंगे,
साइबर अपराध से सावधान रहेंगे,
और सुरक्षित समाज के निर्माण में
अपना योगदान देंगे।

साइबर जागरूकता


सतर्क रहें —
साइबर अपराध से बचें।

- OTP, PIN, CVV एवं बैंक संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें।
- अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- फर्जी कॉल, मैसेज एवं ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहें।
- सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी सोच-समझकर साझा करें।
- साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर संपर्क करें।

★★★ जगदलपुर पुलिस ★★★

सुरक्षित यातायात • सुरक्षित साइबर स्पेस • सुरक्षित समाज









आवासीय विद्यालय का नाम	अधीक्षक/अधीक्षिका का नाम
आवासीय विद्यालय चितालुर क्रमांक 1	श्रीमती वेदिका नाग
आवासीय विद्यालय मेटापाल (मेण्डोली)	श्री लीलाम्बर ठाकुर
आवासीय विद्यालय गोडरे क्रमांक 1	श्री कुम्मा राम बारसे
आवासीय विद्यालय बांगापाल	श्री शिवराम मौर्य
आवासीय विद्यालय कासोली	श्री अर्जुन भास्कर
आवासीय विद्यालय हितामेटा	श्री राकेश आर्य
आवासीय विद्यालय कारली क्रमांक 1	श्रीमती सुमन जार्ज
आवासीय विद्यालय बेंगलूर	श्री घींनू राम मेहरा
आवासीय विद्यालय गाटम	श्रीमति प्रभा मरकाम
आवासीय विद्यालय धनीकरका	श्री मेहत्तर राम
आवासीय विद्यालय मोकपाल	श्रीमती नीला कुंजमा
आवासीय विद्यालय चितालुर क्रमांक 2 (बचेली)	श्रीमती दीपमाला वेक
आवासीय विद्यालय गोडरे क्रमांक 2 (भांसी)	श्री शंकर राज मौर्य
आवासीय विद्यालय कारली क्रमांक 2 (गुमडा)	श्रीमती ज्योती निषाद
कन्या हाई स्कूल छात्रावास चितालुर	श्रीमती अनुसूईया भास्कर
आस्था गुरुकूल जावंगा (आस्था में संचालित)	श्री ओनेश्वर झाड़ी

प्रस्तुति एवं संकलनकर्ता - अविनाश गोस्वामी हरिभूमि ब्यूरो चीफ, जिला दंतेवाड़ा मो.: 9425586039

स्वतंत्रता दिवस पर आज अमृत सरोवरों में होंगे भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले के सभी निर्मित एवं जीर्णोद्धारित अमृत सरोवरों पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन का उद्देश्य जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ अमृत सरोवरों को जल संरचना के साथ जीवंत सामुदायिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। प्रत्येक अमृत सरोवर स्थल पर ध्वजारोहण स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद परिवार के सदस्य, पद्म पुरस्कार विजेता अथवा ग्राम पंचायत के वरिष्ठतम नागरिक द्वारा कराया जाएगा। इन सम्मानित नागरिकों को कार्यक्रम में विशेष सम्मान दिया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, युवा क्लबों और आम नागरिकों

जनभागीदारी पर रहेगा जोर, स्वतंत्रता सेनानी और वरिष्ठ नागरिक करेंगे ध्वजारोहण



सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रतियोगिताएं होंगी

अमृत सरोवरों में देशभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न सांस्—तिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी भी भाग लेंगे। अमृत सरोवरों से जुड़ी मत्स्य पालन, सिंचाई एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से लाभान्वित लोगों की सफलता की कहानियों का प्रदर्शन एवं संकलन किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को जल संरचनाओं के बेहतर उपयोग के लिए प्रेरणा मिलेगी।

जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

कार्यक्रम के दौरान जल संचय, भू–जल संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अमृत सरोवर परिसर में वृहद पौधरोपण अभियान, स्वच्छता अभियान एवं सामुदायिक श्रमदान किया जाएगा। लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा। जिला प्रशासन ने कोण्डागांव जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे आज अपने निकटतम अमृत सरोवर स्थल पर पहुंचकर राष्ट्रीय उत्सव में सहभागी बनें और जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें।

खबर संक्षेप

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम मोहपाल निवासी सियाबती नेताम ने राशन कार्ड के बावजूद राशन नहीं मिलने की समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम भुरकाभाटा के ग्रामीणों ने मक्का विक्रय की राशि प्राप्त नहीं होने की समस्या से अवगत कराते हुए भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम आंवराभाटा निवासी पुनीत राम नेताम ने आंवराभाटा से छोटे तरईबेड़ा मार्ग पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। ग्राम मालाकोट निवासी परसू राम बघेल ने माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था किए जाने की मांग रखी।

बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने लगाई दौड़

राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोण्डागांव द्वारा शुक्रवार को विकास नगर स्टेडियम में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में युवाओं, स्कूली छात्र–छात्राओं, प्रशिक्षणार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रदर्शन किया।

स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ विकास नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय परिसर, नेशनल हाईवे, जयस्तंभ चौक एवं बाजारपारा होते हुए वापस विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को समर्पित है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग को स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता एवं





अखंडता को मजबूत बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनमें अनुशासन, एकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी बढ़ावा देती हैं।

ये रहे विजेता

स्वतंत्रता दौड़ के पुरुष वर्ग में दासीराम मंडावी ने प्रथम, प्रदीप मरकाम ने द्वितीय और दुर्गेश मरकाम ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में पार्वती नेताम प्रथम, राधिका मरकाम द्वितीय और अमृत कोर्राम तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में दिलीप मंडावी प्रथम, मुकेश नेताम द्वितीय और श्यामलाल कोर्राम तृतीय रहे। वहीं बालिका वर्ग में साक्षी नेताम प्रथम, जुगोन्ती नेताम द्वितीय और शिवांती नेताम तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर सिटीजन वर्ग में सन्तु साहू ने प्रथम और जे.पी. शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक, कुलवंत सिंह चहल, मनोज जैन, आर.के. जैन, जिला पंचायत सीईओ अविनाश मोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, प्रशिक्षणार्थी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

53 छात्राओं को वितरित की निःशुल्क साइकिल, विधायक ने बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत मंगलवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय तहसीलपारा में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने 53 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से दूर–दराज से विद्यालय आने वाली छात्रओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी और स्कूल पहुंचने में होने वाली परेशानियां कम होंगी। विधायक ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अभी से अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत से प्रयास करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित एवं समय पर विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। विधायक ने श्रम विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं शिक्षा सहायता योजनाएं संचालित हैं। पात्र विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में करीब 10 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। शेड बनने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामूहिक गतिविधियों के आयोजन के लिए अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

पेज 9 के शेष...

बीजापुर में शहीदों...

मौजूद रहे। यात्रा के तीसरे दिन सांस्कृतिक भवन मैदान बीजापुर से बाइक रैली निकाली गई। टी-पॉइंट शहीद द्वार पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। ग्राम मुरकीनार में 'एक पेड़ शहीद के नाम' के तहत वृक्षारोपण एवं शहीद परिवारों से आत्मीय मुलाकात की गई। आवापल्ली में पुष्पांजलि और जनचर्चा, उसूर में शहीद परिवारों व स्थानीय जनता से संवाद, ग्राम नंबी में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज तथा ताड़पाला बेस कैंप का अवलोकन किया गया।

शहीदों का परिवार, हमारा अपना परिवार: मुरकीनार में वर्ष 2006 के कैंप हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले 11 अमर शहीदों को याद करते हुए मंत्री ने कहा कि बस्तर की शांति के लिए हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उनके बलिदान को केवल स्मरण करना ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों के साथ खड़े रहना भी हमारा दायित्व है। "हमारे शहीदों का परिवार, हमारा अपना परिवार है। उन्होंने साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील की।

शांति, विश्वास और विकास की ओर बढ़ रहा : मंत्री ने कहा कि "बस्तर तिरंगा यात्रा राष्ट्र के स्वाभिमान, शहीदों के सम्मान और नए बस्तर के संकल्प की यात्रा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

करेंगुट्टा पहुंची यात्रा...

ऊर्जा प्राप्त करने आता हूं। उन्होंने कहा कि जवानों कि हिम्मत को सम्मानित करते हुए केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के 141 पुलिस जवानों को विशिष्ठ सेवा व सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों के मन में भय पहले ही खत्म हो गया था बचा हुआ बस्तर तिरंगा यात्रा ने खत्म कर दिया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में आज देश के कोने कोने में तिरंगा फहर रहा है। तिरंगे के साथ बाबा साहब द्वारा लिखा संविधान भी बस्तर के हर कोने में लागू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर को सबसे समृद्ध स्थान बनाएंगे।

हमने कभी नहीं सोचा था कि यहां आ सकेंगे: वन मंत्री: वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा की हमने कभी सोचा नहीं था कि कभी हम ऐसे इस करेंगुट्टा पहाड़ी पर आ सकेंगे, पर आज पहाड़ी में बिना किसी डर के खड़े हैं, यह हमारा सौभाग्य है। बस्तर तिरंगा यात्रा जिस मार्ग से होकर गुजरी है उस मार्ग पर दिन में लोग आने से डरते थे आज प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के विजन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है। सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि तिरंगे का संदेश लेकर सुकमा में 600 किमी की यात्रा करना अपने आप में ऐतिहासिक अवसर है। शहीदों के शहादत की मिट्टी को किया संग्रहित मंत्री द्वय एवं सांसद ने आवापल्ली, गलगम, उसूर, नम्बी, ताड़पाला, करेंगुट्टा पहाड़ी सभी जगह हुई घटनाओं में शहीदों की याद में पौधारोपण किया और शहीदों के शहादत की मिट्टी को संग्रहित किया।

देर रात मंत्री पहुंचे टेकलगुडेम: यात्रा के दूसरे दिन देर शाम 9 बजे उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा और वन मंत्री श्री कश्यप कभी घोर नक्सल पीड़ित इलाके माने जाने वाले टेकलगुडेम पहुंचे थे, जहां आश्चर्य यह था कि वहां कुख्यात नक्सलवादी रहे हिड़मा के ग्राम पूर्वर्ती से भी लोग उनका स्वागत करने पहुंचे थे। सभी का प्यार देखकर वे बहुत खुश हुए। सभी ने तिरंगा हाथ में लेकर बस्तर तिरंगा यात्रा का अभिवादन किया। इसी तरह भारी बारिश के बाद भी सिलगेर, ताड़मेटला, तर्रेम, जगरगुंडा के ग्रामीण देर शाम तक उनके स्वागत के लिए मार्ग में पहुंच रहे थे। पूरी यात्रा सभी से मिलते हुए शुक्रवार रात में वापस बीजापुर पहुंचे।

वर्दी की आड़ में...

गया कि अभियुक्त ने विवाह का वचन पूरा न करने के आशय से पीड़िता को विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उसकी इच्छा और स्वतंत्र सहमति के बिना जबरन शारीरिक संबंध बनाए तथा उसके साथ दिखावटी विवाह किया। न्यायालय ने अभियुक्त के कृत्य को अनैतिक, असामाजिक और विधि-विरुद्ध बताते हुए इसे महिला के शरीर और शील के विरुद्ध किया गया घृणित अपराध माना।

सड़क की गुणवत्ता...

का कहना है कि उन्होंने गांव के विकास, अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क और सरकारी राशि के सही उपयोग की मांग को लेकर जिला सीईओ के समक्ष पहले ही शिकायत की थी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इसी शिकायत से नाराज होकर उन पर दबाव बनाने एवं डराने का प्रयास किया गया। घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है, जिसे पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा जाएगा। संगठन ने थाना लोहंडीगुड़ा में शिकायत देकर निष्पक्ष जांच, एफआईआर, वीडियो साक्ष्य की जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कहा कि ग्रामीणों के हित में विकास कार्यों की गुणवत्ता और सरकारी राशि के उपयोग पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है। हमारा उद्देश्य किसी से विवाद करना नहीं, बल्कि गांव में गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य सुनिश्चित कराना है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 48 घंटे के भीतर मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी एवं उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) द्वारा थाना लोहंडीगुड़ा के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप, सूरज कश्यप, पाकलू कश्यप, कुंवर मांडवी, शिव कश्यप, सनकु मांडवी, भगत मांडवी, संधू, सायबो, जटेल, सिमरु, गोपी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दौड़ में...

पांडेय, कमिश्नर डोमन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दौड़ मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड, चांदनी चौक, शहीद पार्क चौक, पुराना बस स्टैंड, एसबीआई चौक, मेन रोड, गोल बाजार चौक और मिताली चौक से होते हुए पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

भय के वातावरण के...

प्रभावित रहे क्षेत्र में तिरंगे के साथ पहुंचना स्थानीय लोगों के लिए भावनात्मक क्षण रहा। यात्रा के दौरान आशीष सोनी ने घर-घर जाकर बच्चों को तिरंगा और चॉकलेट वितरित की। तिरंगा हाथों में लेकर बच्चों ने उत्साह के साथ "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्।" के नारे लगाए। बस्तर के महान जननायक गुण्डाधुर का स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्रनिष्ठा की प्रेरणा लेने का आग्रह किया। दिनभर की यात्रा के बाद उन्होंने द्धगलमगुड़ा गांव में ही रात्रि विश्राम किया। स्थानीय युवा गादे शैलेश ने सहयोग प्रदान किया।

बस्तर संभाग के 101...

प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने बताया कि बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 114 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 47 किलोमीटर एलटी लाइन बिछाई गई है और कुल 29 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इस कार्य से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति में सुधार होगा और वोल्टेज की समस्या दूर होगी। वहीं इस पूरी कवायद से बस्तर संभाग के 4 जिलों के 101 गांव के 6997 घर बिजली से रोशन हुए हैं। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के 49, सुकमा जिले के 37 दंतेवाड़ा जिले के एक एवं नारायणपुर जिले के 14 गांव में बिजली पहुंची। विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम का कहना है कि अब ग्रामीणों के घर रात में भी रोशन हो सके और बच्चों रात में पढ़ सकेंगे।













AUGUST 15th

देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

जय हिन्द



नरेन्द्र नाग
प्रदेश प्रवक्ता व अध्यक्ष बस्तर लोकसभा
आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़

भारत भूमि हमको जान से प्यारी है,
न आने देंगे आंच कोई पूरी तैयारी है
युवा देश के, इन कन्धों पर देश का भार उठाना है,
चाहे सीर भी कट जाए, इस देश को हमे बचाना है।



राष्ट्र के साथ,
प्रगति के पथ पर

हर घर तिरंगा

एनएमडीसी
NMDC
जिम्मेवार खनन

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त 2026







- बालिका शिक्षा सहयोग योजना (शिक्षा प्रायोजन) के माध्यम से 2.03 लाख छात्राओं को प्रायोजन प्रदान किया गया
- बालिका शिक्षा योजना (B.Sc. नर्सिंग एवं GNM पाठ्यक्रम) से लगभग 800 छात्राएं लाभान्वित हुईं; 408 छात्रों ने पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया और इनमें से 80% छत्तीसगढ़ में रोजगार प्राप्त कर चुकी हैं
- लगभग 2,400 ITI छात्रों को लाभ मिला; 75% छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ
- 2,000 पॉलिटेक्निक छात्रों ने स्नातक उत्तीर्ण किया; 80% छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ
- "सक्षम" विद्यालय से 500 से अधिक दिव्यांग छात्रों ने शिक्षा पूर्ण की – क्षमता: 100 छात्र + 100 छात्राएँ
- "छू लो आसमान" पहल के अंतर्गत 7,140 छात्रों को नियमित शिक्षा के साथ इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग सुविधा प्रदान की गई
- पिछले एक दशक में NMDC द्वारा संचालित 5 अस्पतालों में 13 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए गए
- जगदलपुर में 240 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (जिसके लिए ₹25 करोड़ वार्षिक संचालन व्यय NMDC द्वारा वहन किया जाता है)

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय: खनिज भवन, 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद – 500028 सीआईएन: L13100TG1958GOI001674

nmdc.co.in /nmdclimited

वैज्ञानिक । सुस्थिर । खुशियां बिखेरते हुए

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

मेरा भारत महान

शहीदों को नमन

जिनकी कुर्बानी से रोशन है तिरंगा हमारा,
उनके सपनों का भारत हो,
यही संकल्प हमारा।



नक्सल मुक्त सुकमा

निवा दुवाड़ ते
पुलिस आमजन के द्वार पर

- आमजन की समस्याओं को सुनना
- साथ ही समस्याओं का निराकरण करना
- पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहयोग को मजबूत बनाना



साइबर जागृति अभियान
आमजन के लिए
सचेत रहें, सुरक्षित रहें, साइबर फ्रॉड से बचें



जागरूकता की Ek Selfie

सेल्फी लें QR कोड स्कैन करें
और अपने सोशल मीडिया में SHARE करें

साइबर फ्रॉड से ऐसे बचें

- किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- किसी को भी अपना OTP, पासवर्ड या पिन साझा न करें।
- अज्ञात कॉल या मैसेज के झांसे में न आएं।
- अपने डिवाइस और ऐप को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- साइबर अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाईन या नजदीकी पुलिस को दें।

जनसंपर्क – जनसेवा
आपकी सुरक्षा, आपका विश्वास

आपातकालीन सहायता 112

sukmapolice.cg.gov.in
94791-91091

@sukmapolice @sukmapolice @sukmapolice

सुरक्षित रहें - जागरूक रहें - सहयोग करें - सुकमा को बेहतर बनाएं

खबर संक्षेप

हर घर तिरंगा अभियान पर निकली रैली



मद्देड़। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मद्देड़ से संकुल अंतर्गत समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में संकुल अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के लगभग एक हजार विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली में सहभागिता की तथा नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति सम्मान की भावना देखने को मिली। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया।

कृषि उत्पादक समूह ने तैयार की उन्नत पौधों की नर्सरी



बस्तर। ग्राम पंचायत नदीसागर की महिलाओं और किसानों ने आजीविका के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। यहाँ कार्यरत इंद्रावती कृषि उत्पादक समूह ने 'भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन एवं बस्तर सेवक मंडल द्वारा संचालित 'हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना' के तहत उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी तैयार की है। इस परियोजना के अंतर्गत गठित कृषि उत्पादक समूह ने व्यावसायिक स्तर पर फसल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गोभी, बैंगन, टमाटर, मुनगा (सहजन) और गेंदा फूल की उच्च गुणवत्ता वाली नर्सरी (पौधे) तैयार की है। इंद्रावती कृषि उत्पादक समूह की अध्यक्ष अंजना ने बताया कि बस्तर सेवक मंडल बीएसएम जगदलपुर के टीम लीडर गजानंद सेन्द्रे कृषि विशेषज्ञ सुनील ठाकुर के माध्यम से समूह को निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन मिल रहा है।

दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दंतेवाड़ा। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में नवागत छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन (दीक्षारंभ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मार्गदर्शन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एम. प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं और उसके दूरगामी लाभों पर अपने विचार व्यक्त किए।

नक्सल मुक्त बीजापुर में पहली बार 33 गांवों में लहराएगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस बीजापुर जिले के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर बनने जा रहा है। नक्सल प्रभाव से बाहर निकलकर विकास और लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ रहे जिले के 33 गांवों में 15 अगस्त को पहली बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा।

- राष्ट्रप्रेम और लोकतांत्रिक चेतना का दिखेगा उत्सव

इन गांवों में तिरंगे का आरोहण केवल स्वतंत्रता दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था, राष्ट्रीय एकता और शांति की नई शुरुआत का प्रतीक होगा। जिले के चारों विकासखंडों के इन गांवों में पहली बार तिरंगा फहराने से ग्रामीणों में उत्साह और गर्व का वातावरण है। लंबे समय तक नक्सल हिंसा और भय के प्रभाव में रहे इन क्षेत्रों में अब शासन की पहुंच, विकास कार्यों और लोकतांत्रिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस पर गांवों में राष्ट्रीय ध्वज का फहराया जाना नक्सल मुक्त और विकसित बीजापुर की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

विकासखंड के 6 गांवों में पहली बार तिरंगा फहरेगा

बीजापुर विकासखंड के लेण्ड्रा, अण्ड्री, एड्समेटा, पेद्दापाल, कचिलवार एवं मोसला गांवों में पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इन गांवों में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

भैरमगढ़ के 15 गांवों में गूंजेगा राष्ट्रगान

भैरमगढ़ विकासखंड के 15 गांवों बीराभट्टी, परकेली, पोनड़वाया, तुमीरगुण्डा, जारवा, गुण्डापुरी, आदवाड़ा, दामाराम, मुक्कावेली, झिल्ली, मार्मिटा, एहकेली, पल्लेवाया, डोडूम एवं कड़मेर में पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा। इन गांवों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ राष्ट्रगान और देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भोपालपटनम के 7 गांव और उसूर के 5 गांव होंगे शामिल

भोपालपटनम विकासखंड के सेण्ड्रा, पालसेगुण्डी, नीलमड़गू, बंदेपारा, कोरंजेड़, कचलारम एवं मरीमल्ला गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा। वहीं उसूर विकासखंड के कस्तूरपाड़, चिन्ना उटलापल्ली, पेद्दा उटलापल्ली, एड़ापल्ली एवं बोटेलंका गांव भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे।

तिरंगा बनेगा शांति, विकास और विश्वास का प्रतीक

इन गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना शासन और ग्रामीणों के बीच बढ़ते विश्वास तथा क्षेत्र में स्थापित हो रही शांति का प्रतीक है। तिरंगे की छांव में ग्रामीण अब अपने बच्चों के बेहतर भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। 15 अगस्त को इन गांवों में जब तिरंगा शान से लहराएगा, तब यह दृश्य केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव नहीं होगा, बल्कि बीजापुर में लोकतंत्र की मजबूत होती जड़ों, नक्सलवाद से मुक्ति और विकास की ओर बढ़ते कदमों का संदेश भी देगा। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ ग्रामीणों की भागीदारी इस बात को रेखांकित करेगी कि बीजापुर का दूरस्थ अंचल भी अब देश की लोकतांत्रिक मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ रहा है। स्वतंत्रता दिवस का यह ऐतिहासिक अवसर जिले के लिए नई उम्मीद, नए विश्वास और उज्ज्वल भविष्य का संदेश लेकर आएगा।

वर्दी में सुरक्षा का भरोसा, वहीं मासूम हाथों में लहराता तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



कभी नक्सली हिंसा और जवानों की शहादत के लिए देशभर में चर्चा में रहे चिंतागुफा क्षेत्र से अब सुकमा पुलिस की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो बदलते बस्तर की नई कहानी बयां करती है। तस्वीर में पुलिस अधिकारी जमीन पर बैठकर एक नन्ही बच्ची के हाथ में तिरंगा थमाते नजर आ रहे हैं। एक ओर वर्दी में सुरक्षा का भरोसा, तो दूसरी ओर मासूम हाथों में लहराता तिरंगा—यह दृश्य पुलिस और ग्रामीणों के बीच बन रहे विश्वास के रिश्ते का भावुक प्रतीक बन गया है।

- शहादत की धरती चिंतागुफा में पुलिस का मानवीय चेहरा
- निवा दुवाड़ ते' से जवान पहुंचे ग्रामीणों के द्वार

आपके द्वार पहुंच सुन रही है समस्या

सुकमा पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के नेतृत्व में शुरू किया गया 'निवा दुवाड़ ते' अभियान पुलिसिंग को सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित न रखकर सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुंचाने की पहल है। स्थानीय बोली में 'निवा दुवाड़ ते' का अर्थ 'आपके द्वार' है। अभियान के तहत पुलिस की टीम लगातार गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर रही है, उनकी समस्याएं सुन रही है और समाधान की दिशा में पहल कर रही है।

